**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 18.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, संसद परिसर में एनडीए की महिला सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पश्चिम बंगाल दौरा आज से; पुरुलिया में टीएमसी के पक्ष में करेंगे तीन चुनावी सभाएं।**
3. **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्री गुरु अंगद देव जी के प्रकाश पर्व पर दी देशवासियों को बधाई; गुरुमुखी लिपि और लंगर परंपरा के जरिए समानता के संदेश को किया याद।**
4. **झारखंड समेत देशभर के जायरीन का पहला जत्था साउदी अरब के लिए रवाना, हज यात्रा को सुगम, सुखद और आसान बनाने की मुहिम में जुटी सरकार।**
5. **मौसम विभाग ने कल से पलामू और कोल्हान प्रमंडल में भीषण लू चलने की जारी की चेतावनी, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी।**

***************************

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति ने सदन की उत्पादकता और महत्वपूर्ण विधायी कार्यों का विवरण पेश करने के बाद कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की।

***************************

लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक पारित न हो पाने के विरोध में कल संसद परिसर में एनडीए की महिला सांसदों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लिए महिला सांसदों ने विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी की और आरोप लगाया कि विपक्ष ने इस ऐतिहासिक अवसर को ठुकरा कर अपनी महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है।

***************************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कल का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो सकता था, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी के गठबंधन ने देश की आधी आबादी के हक पर प्रहार किया है।

***************************

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित न करके देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है।

***************************

गांडेय से विधायक और झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने स्पष्ट किया कि वह राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के पक्ष में पूरी मजबूती से खड़ी हैं, लेकिन बिना सटीक आंकड़ों के लोकसभा सीटों की संख्या में बदलाव या आरक्षण का निर्धारण करना न्यायसंगत नहीं है। कल्पना सोरेन ने जोर देकर कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों की महिलाओं की वास्तविक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए जनगणना का इंतजार करना आवश्यक है।

***************************

आकाशवाणी रांची के समाचार विभाग के आकस्मिक संपादक जीतेंद्र सहाय का कल रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। मृदुभाषी और बेहद सरल स्वभाव के धनी श्री सहाय अपने कार्य के प्रति अटूट समर्पण के लिए जाने जाते थे। आकाशवाणी रांची समाचार विभाग उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

***************************

राज्य के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो हेमंत सोरेन आज से पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतर रहे हैं। वे आगामी 20 अप्रैल तक बंगाल के विभिन्न जिलों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में सघन प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री आज पुरुलिया जिले के काशीपुर, मानबाजार और बंदवान विधानसभा क्षेत्रों में तीन महत्वपूर्ण चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

**********************

इस बीच कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने मुख्यमंत्री से कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए भी चुनाव प्रचार करने की अपील की है।

इस पर झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बंगाल दौरा केवल तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में है और उनका लक्ष्य भाजपा को रोकना है। उन्होंने कहा है कि बंगाल की राजनीतिक परिस्थितियां झारखंड से अलग हैं और पार्टी अपनी घोषित रणनीति पर कायम रहेगी।

**********************

बोकारो जिले के कथारा कोलियरी क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की धनबाद टीम ने कल देर रात बड़ी कार्रवाई की। सीबीआई ने सीसीएल कथारा के कार्मिक प्रबंधक सुभाष चन्द्र पासवान और जेएमएम नेता शमशुल हक को लगभग 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, एक सेवानिवृत्त कर्मी के बकाया भुगतान को क्लियर करने के एवज में इस राशि की मांग की गई थी।

**********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज सिख धर्म के दूसरे गुरु, श्री गुरु अंगद देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने संदेश में श्री शाह ने कहा कि गुरु अंगद देव जी ने सेवा, भक्ति और समाज सुधार को अपने जीवन का आधार बनाया। उन्होंने गुरुमुखी लिपि के विकास और लंगर की परंपरा के माध्यम से समाज में समानता और एकता का मंत्र दिया।

**********************

इस वर्ष हज के लिए 371 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज नई दिल्ली से सऊदी अरब के मक्का के लिए रवाना हुआ। जायरीन इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मक्का के लिए रवाना हुए। संवाददाताओं से बातचीत में दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्ष कौसर जहां ने व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जायरीन के सहयोग के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

**********************

विश्व धरोहर दिवस आज मनाया जा रहा है। यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर नागरिकों से ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा के दौरान उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया है।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 70 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

पूरा राज्य भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने कल से 21 अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में हीट वेव की चेतावनी जारी की है। कल पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार में लू चलने की आशंका है, जिसका असर 21 अप्रैल तक कोल्हान, खूंटी और सिमडेगा जैसे इलाकों में भी फैल जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने दोपहर 11 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है।

****************